RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 ▪ मुंबई : रविवार 24 अगस्त 2025 ▪ वर्ष 07 ▪ अंक 126 ▪ संपादक : फैसल शेख ▪ पृष्ठ : 4 ▪ कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : वाहनों की संख्या 50 लाख के पार, एक साल में बढ़े ढाई लाख वाहन



Page - 2

## मुंबई में ड्रग्स तस्करी के आरोपी को 15 साल की कैद और 9 लाख रुपये का जुमार्ना



**माहिम :** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (गुन्हे शाखा, बांद्रा यूनिट) को बड़ी सफलता मिली है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक सरगना को विशेष एनडीपीएस अदालत ने दोषी मानते हुए कड़ी सजा सुनाई है। घटना वर्ष 2022 की है जब मुंबई के माहिम इलाके से आरोपी समीर शकील शेख उर्फ समीर पाणिपुरी (32 वर्ष, निवासी माहिम, मुंबई) को 110 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) नामक प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया था। जब्त किए गए नशे की कीमत लगभग ₹16,50,000/- आंकी गई थी। पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट और पेश सबूतों के आधार पर, विशेष एनडीपीएस अदालत (कोर्ट नं. 43, मुंबई) ने आरोपी को 15 वर्ष सश्रम कारावास और 9 लाख रुपये का जुमार्ना भरने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त 6 महीने की कैद भी भुगतनी होगी। इस मामले में जांच अधिकारी स.पो.नि. श्रीकांत कास्कर, फियार्दी अधिकारी पी.एस.आ. अतुल सैलवान, मार्गदर्शन अधिकारी पो. नि. संजय बधान सहित एनडीपीएस कक्ष के कई अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अदालत ने माना कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर और सबूतों से पुष्ट हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर पहले से ही कई मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी और मादक पदार्थों की तस्करी शामिल है। वरिष्ठ अधिकारियों - पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त (गुन्हे), एंटी नारकोटिक्स सेल के उच्च पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

## मुंबई वडाळा टी टी पुलिस ने गांजा बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार...

## 51 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद...

**मुंबई :** वडाळा टी टी पुलिस ठाणे की बड़ी कार्रवाई में 51 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। मुंबई वडाळा टी टी पुलिस ठाणे की टीम ने यह छापा मारा और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दिनांक 22/08/2024 को रात करीब 11:40 बजे पुलिस टीम ठाणे हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान एक वाहन (MH 01 EE 3013) पर शक होने पर उसे रोका गया। वाहन की तलाशी में 51 किलो 500 ग्राम वजन का गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 लाख 30 हजार रुपये बताई जा रही है।

गांजा तस्करी मामले में आरोपियों की पहचान अबुबकर मेहंदीहसन शेख और शहनवाज



समीम शेख के रूप में हुई है। दोनों को पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 8(क), 20(ब)(2)(क) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को 23/08/2024 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शनः इस कार्रवाई को अंजाम देने में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। इसमें शामिल अधिकारी हैं :मा. पुलिस आयुक्त श्री देवन भारती, मा. पुलिस सह आयुक्त कायदा व सुव्यवस्था, श्री सत्यनारायण चौधरीमा, अपर पुलिस आयुक्त, मध्य पुलिस विभाग, श्री विक्रम देशमाने , मा. पुलिस उपायुक्त, परिसर-4, माटुंगा, मुंबई, श्रीमती रागिनी आर ,मा. सहायक पुलिस आयुक्त, सायन विभाग, श्री शैलेश धिवर मा. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, वडाळा टी टी पुलिस ठाणे, कांताराम साठे पुलिस निरीक्षक अनुराधा भोइटे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम के सदस्य , इस छापेमारी में पुलिस उपनिरीक्षक किरण बवणे, पुलिस उपनिरीक्षक मायदेव येवले, पुलिस हवलदार भंडगार जाधव, हवलदार अनुसूदेव शिंदे, पो. ह. संजय गोटावडे, पो. ह. रविंद्र ठाकुर, पो. ह. रमेश शिंदे, पो. शि. बापू लाटके, पो. शि. राजू शिंदे, पो. शि. रमेश भोईटे, पो. शि. आनंद भोईटे, पो. शि. मिलिंद हुमने, पो. शि. नवललाल बोराखाल, पो. शि. शफीक शेख, पो. शि. सुरेश बोरसे ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## मुंबई: बाथरूम में रखी बाल्टी में गिरने से 4 साल की मासूम बच्ची की मौत



**मुंबई:** मुंबई के गोरेगांव इलाके से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ बाथरूम में रखी बाल्टी में गिरने से 4 साल की एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान आकृति यादव के रूप में हुई है। यह घटना गोरेगांव के राजीव गांधी नगर इलाके की है। जानकारी के अनुसार, मृतक बच्ची शारीरिक रूप से दिव्यांग थी। वह न तो चल सकती थी और न ही बोल सकती थी।

मृतक बच्ची राजीव गांधी नगर में अपने माता-पिता, दो भाई-बहनों और रिश्तेदारों के साथ एक संयुक्त परिवार में रहती थी। उसके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। मृतक बच्ची बचपन से ही मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थी और चेंबूर के एक न्यूरोलॉजिस्ट से उसका इलाज भी चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, पिछले हफ़्ते परिवार के घर पर एक धार्मिक कार्यक्रम था, जिसके चलते घर में कई रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे। उस दिन सभी देर रात तक जागते रहे। बच्ची अपने माता-पिता के साथ सो रही थी। सुबह जब माँ उठी तो उसने बच्ची को बाथरूम में पानी से भरी बाल्टी के अंदर पड़ा पाया। बच्ची का सिर ऊपर की ओर था और उसके पैर बाल्टी के अंदर थे। इसके बाद, परिजन तुरंत बच्ची को एम.वी. देसाई अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दिंडोशी पुलिस मौके पर पहुँची और जाँच शुरू कर दी। पुलिस ने बच्ची के पिता और परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। फि लहाल, पुलिस ने इस मामले में एडीआर (दुर्घटनावश मृत्यु रिपोर्ट) दर्ज कर ली है। पोस्टमार्टम के बाद, बच्ची का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

## मुंबई : एसी कोच के टॉयलेट में मिला 5 साल के बच्चे का शव...

**मुंबई :** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT) पर शुक्रवार तड़के कुशीनगर एक्सप्रेस (22537) के एसी कोच से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। ट्रेन के एसी कोच के टॉयलेट में एक तीन साल के बच्चे की लाश मिली। बताया जाता है कि ट्रेन की सफाई के दौरान बाथरूम के डस्टबिन से 5 साल के बच्चे का शव बरामद किया गया। ट्रेन के कोच से बच्चे का शव मिलते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई.




**ट्रेन की सफाई के दौरान एसी कोच के टॉयलेट में मिला शव**

जानकारी के अनुसार, 23 अगस्त की रात करीब 1:05 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 4 पर पहुंची थी. इसी दौरान जब सफाई का काम शुरू हुआ तो प्रभारी कर्मचारी को टॉयलेट के कूड़ेदान में मासूम का शव नजर आया. तुरंत इसकी जानकारी स्टेशन प्रबंधन को दी गई और कुछ ही देर में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गए.

**सूरत से चचेरे मामा ने किया था बच्चे का अपहरण**

बताया गया कि मृतक बच्चे की मां ने एक दिन पहले ही गुजरात के सूरत जिले के अमरोली पुलिस थाने में अपने चचेरे भाई विकाश शाह (उम्र 25 वर्ष) पर अपहरण का मामला दर्ज कराया था. पुलिस अब उसी पहलू को भी जांच के दायरे में रखकर आगे बढ़ रही है. फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश जारी है. इस घटना के बारे में रेलवे कमिश्नर राकेश काला सागर ने मीडिया से बातचीत में जानकारी दी की इस बच्चे की मिसिंग कंप्लेंट सूरत में दर्ज की गई थी. दो दिन पहले शिकायत सूरत पुलिस के पास दर्ज होने के बाद सूरत पुलिस बच्चे की तलाश में जुटी थी. रेलवे कमिश्नर ने कहा कि शुरूआती जांच में सामने आया है कि पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी ने ऐसा खौफनाक कदम उठाया है.

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### आधार भी स्वीकार...

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर पर चुनाव आयोग को यह आदेश देकर बिहार के लोगों को राहत देने के साथ विपक्ष की बोलती बंद करने का भी काम किया कि वह वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए 11 दस्तावेजों के साथ आधार को भी स्वीकार करे। चुनाव आयोग ने इसके लिए जिन 11 दस्तावेजों की सूची जारी की थी, उनमें आधार नहीं था। एक सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से आधार को मान्य करने को कहा था, लेकिन आयोग का तर्क था कि उसे फर्जी तरीके से बनवाया जा सकता है, इसलिए उसका उपयोग नहीं कर सकते। हालांकि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की थी कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं, लेकिन गत दिवस उसने बिहार के लोगों को आधार के जरिये भी मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर दे दिया। इसके साथ ही आनलाइन आवेदन का भी विकल्प दे दिया। अब जब सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को विपक्ष अपनी जीत बता रहा है, तब फिर उसे वोट चोरी का शोर मचाना बंद कर देना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि वोट चोरी के आरोप की आड़ में संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा से खेला जा रहा है। चिंताजनक यह है कि यह काम नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी कर रहे हैं। उन्होंने न केवल चुनाव आयोग के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, बल्कि उसके अधिकारियों को धमकाया भी। हद तो तब हो गई, जब आगरा में मुख्य चुनाव आयुक्त के पैतृक आवास के बाहर कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। किसी भी संवैधानिक संस्था के खिलाफ ऐसी छिछली राजनीति शर्मनाक है। बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के मामले में आधार संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर खुशी जता रहे विपक्षी नेता इस पर गौर करें तो बेहतर कि शीर्ष अदालत ने यह कहकर एक तरह से उन्हें कठघरे में खड़ा किया कि वे वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कराने के लिए लोगों की मदद क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह विपक्षी दलों के दोहरे और गैर जिम्मेदार रवैए का परिचायक नहीं कि अभी तक किसी भी दल ने चुनाव आयोग के समक्ष कोई आपत्ति नहीं दर्ज की है?

यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में बिहार के सभी दलों को पक्षकर बनाने का निर्देश दिया। यह निर्देश मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पर आसमान सिर पर उठाने वाले राजनीतिक दलों को दिखाया जाने वाला आईना ही है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ने से मना कर दिया।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# वसई : खराब सड़कों से ट्रैफिक जाम

## गड्ढों में हिचकोले खाते हो रहा गणराया का आगमन



**वसई :** गणेशोत्सव का पर्व नजदीक है, और वसई-विरार शहर में गणपति बप्पा के आगमन का सिलसिला शुरू हो चुका है। लेकिन इस साल भक्तों को गणपति की प्रतिमाओं को पंडालों तक लाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश से शहर की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे भक्तों को प्रतिमाएं लाते समय हिचकोले खाने पड़ रहे हैं और प्रतिमाओं के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है।

**खराब सड़कों से ट्रैफिक जाम और असुविधा**

शहर की प्रमुख सड़कों पर एक एक फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। गणेश मंडलों द्वारा लाई जा रही ऊंची प्रतिमाओं को बड़े ट्रकों और ट्रेलरों में लाने के दौरान ये गड्ढे बड़ा खतरा बन रहे हैं। इन खराब सड़कों के कारण शहर में भारी ट्रैफिक जाम भी लग रहा है, जिससे भक्तों को समय पर पंडालों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है।

**नागरिकों और गणेश मंडलों में भारी रोष**

स्थानीय नागरिक और गणेशोत्सव मंडल लगातार मनपा प्रशासन से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वसई-विरार शहर जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप वर्तक ने बताया कि उन्होंने स्वयं शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों का निरीक्षण किया और सड़कों की खराब हालत देखी। उन्होंने मनपा आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी को एक पत्र लिखकर गणेशोत्सव से कम से कम पांच दिन पहले सड़कों की मरम्मत करने की मांग की है। गणेश भक्तों में मनपा प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब भक्तों की भावनाएं गणेश जी से जुड़ी हैं, तो प्रशासन को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और सड़कों की तुरंत मरम्मत करनी चाहिए ताकि प्रतिमायें क्षतिग्रस्त न हो। बार-बार शिकायतें करने और पत्र लिखने के बावजूद मनपा द्वारा कोई कदम न उठाने से यह चिंता का विषय बन गया है।

## गणेशोत्सव में बेस्ट प्रशासन ने देर रात बेस्ट की बस चलाने का निणर्य लिया

**मुंबई :** आगामी गणेशोत्सव को ध्यान में रखते हुए बेस्ट प्रशासन ने देर रात बेस्ट की बस चलाने का निणर्य लिया है। बेस्ट प्रशासन ने जानकारी दी है कि दक्षिण मुंबई में गणपति दर्शन को लेकर भक्तों की अधिक भीड़ होती है। बड़ी संख्या में लोग रात के समय गणपति दर्शन करने निकलते हैं। भक्तों को परिवहन की सेवा उपलब्ध कराने के लिए बेस्ट ने रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक कुछ बसों को चलाने का निणर्य लिया है। बेस्ट प्रशासन ने कहा है कि गणेशोत्सव 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस अवधि में विशेषकर मध्यरात्रि के समय मध्य और दक्षिण मुंबई में भक्तों की भारी भीड़ रहती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेस्ट प्रशासन ने रात के समय अतिरिक्त बस सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। ये बस सेवाएं 27 अगस्त से 5 सितंबर तक उपलब्ध रहेंगी।

## मुंबई : वाहनों की संख्या 50 लाख के पार, एक साल में बढ़े ढाई लाख वाहन



**मुंबई :** प्रदूषण कम करने और पर्यावरण की रक्षा के लिए केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित कर रही है। बावजूद इसके वाहन मालिकों में इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ सीएनजी और एलपीजी वाहन खरीदने के प्रति रुझान कम ही है। मुंबई में कुल वाहनों की संख्या 50 लाख पार कर गई है। लोगों का झुकाव अभी इलेक्ट्रिक वहान की ओर नहीं बढ़ रहा है ऐसा पर्यावरण रिपोर्ट से खुलासा हुआ है। बता दें कि मनपा द्वारा प्रस्तुत 2024-25 के पर्यावरण स्थिति रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मुंबई में वाहन मालिकों का झुकाव अब भी पेट्रोल और डीजल वाहनों की ओर ही है। मुंबई में वर्तमान में कुल 50 लाख 54 हजार 907 वाहन पंजीकृत हैं। इनमें सबसे अधिक दोपहिया वाहन हैं, जिनकी संख्या 29 लाख 99 हजार 829 है। कुल वाहनों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 59.34 प्रतिशत है। कार, जीप और वैन 29 प्रतिशत, टैक्सी-कैब 3.27 प्रतिशत, रिक्शा 5 प्रतिशत, बसें 0.48 प्रतिशत, मालवाहक वाहन 0.42 प्रतिशत, ट्रैक्टर-ट्रेलर 0.02 प्रतिशत और अन्य वाहन 2.72 प्रतिशत हैं। मुंबई में 2023-24 में यह संख्या 47 लाख 59 हजार 976 और 2022-23 में 45 लाख 37 हजार 211 थी। यानी हर साल वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इनमें से 39 लाख 83 हजार 521 वाहन पेट्रोल पर और 5 लाख 63 हजार 895 वाहन डीजल पर चलते हैं। इसके विपरीत पर्यावरण अनुकूल वाहनों की संख्या बहुत कम है। रिपोर्ट के अनुसार मुंबई में फिलहाल 48 हजार 854 इलेक्ट्रिक वाहन, 4 लाख 36 हजार 396 सीएनजी वाहन, 11 हजार 418 एलपीजी वाहन और 10 हजार 832 अन्य प्रकार के वाहन पंजीकृत हैं।

## मुंबई : महिला टिकट निरीक्षक पर महिला यात्री ने किया हमला



**मुंबई :** गोरेगांव स्टेशन पर एक महिला टिकट निरीक्षक पर एक महिला यात्री ने हमला कर दिया। बोरीवली रेलवे पुलिस ने आरोपी महिला यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता, गीता पंडोरिया (52), अंधेरी (पूर्व) इलाके की निवासी हैं और टिकट निरीक्षक हैं। वे टिकट निरीक्षण कार्य के लिए अंधेरी से बोरीवली जाने वाली धीमी लोकल ट्रेन पकड़ी थी। लोकल ट्रेन के अंधेरी स्टेशन से रवाना होने के बाद, उन्होंने कोच में यात्रियों के टिकटों की जांच शुरू कर दी। गीता पंडोरिया ने दोपहर करीब 3.30 बजे यात्री सोनी चौहान (26) से अपना टिकट दिखाने को कहा। हालांकि, चौहान के पास टिकट नहीं था। उसने जुमार्ना देने से भी इनकार कर दिया और बहस करने लगी। इसलिए, पंडोरिया ने उसे गोरेगांव स्टेशन पर छोड़ दिया और उसे टिकट निरीक्षक के कार्यालय में ले गया। गोरेगांव स्टेशन पर टिकट निरीक्षक के कार्यालय पहुंचने के बाद भी, सोनी उससे बहस और गाली-गलौज करती रही। इस दौरान उसने गीता पंडोरिया को भी धमकाया। जब दोनों में बहस हो रही थी, तभी उसने अचानक पंडोरिया पर हमला कर दिया।

## नायगांव : दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र की जान चली गई... आरोपी चालक फरार




**नायगांव :** मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर नायगांव (पूर्व) इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता-पुत्र की जान चली गई। तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रविंद्र कृष्णा नायक और उनके बेटे मयुर रविंद्र नायक (24) के रूप में हुई है। घटना उस वक्त हुई जब एक तेज रफ्तार डंपर नें नायगांव (पूर्व) क्षेत्र में एक स्कूटर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटर सवार दोनों पिता-पुत्र ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद, डंपर का चालक मौके से फरार हो गया। उसने न तो घायलों की मदद की और न ही पुलिस को सूचना दी। चालक के इस गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। नायगांव पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है। यह दुर्घटना नायक परिवार के लिए एक बड़ा सदमा है। रविंद्र और मयुर दोनों ही परिवार के लिए सहारा थे। इस अचानक हुई घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# पारडी : गेस्ट हाउस में गांजा बिक्री का भंडाफोड़!

## 3 आरोपी अरेस्ट-1 फरार, 2.17 लाख रुपए का माल जब्त!

**पारडी :** डीसीपी जोन-4 के स्पेशल स्क्वाड ने ऑपरेशन थंडर के तहत सक्करदरा थाना क्षेत्र में एक गेस्ट हाउस में गांजा बिक्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौक से 3 आरोपियों को अरेस्ट किया। उनके नाम नवाबगंज, कामठी निवासी शाहरूख खान आसिफ खान (30), हैदराबाद निवासी नासिर खान फिरोज खान (22) और कामठी निवासी मोहम्मद सुफियान मोहम्मद रमजान (20) बताए गए। वहीं उनके चौथे साथी बड़ा ताजबाग निवासी वसीम की तलाश की जा रही है। पुलिस ने गेस्ट हाउस से 1.990 किग्रा गांजा, 14,700 रुपये नकद, 4 मोबाइल, एक दोपहिया वाहन



समेत 2,17,725 रुपये का माल जब्त किया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़ा ताजबाग स्थित बाबा ताज गेस्ट हाउस में बड़ी मात्रा में गांजा रखा गया है। इसे बेचने की तैयारी है। पुलिस ने छापामारी कर मौके से 1.990 किग्रा गांजा जब्त किया और शाहरूख, नासिर व सुफियान को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें ये माल अपराधी वसीम द्वारा बेचने के लिए उपलब्ध कराया गया था। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

शहर की क्राइम ब्रांच ने 2 बड़ी कार्रवाइयों में वाहन चोरी और घरफोड़ी के मामलों का खुलासा कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली घटना वाड़ी थाना क्षेत्र की है जहां गजानन सोसाइटी निवासी 49 वर्षीय महिला जयश्री चंद्रशेखर जांभुलकर की घर के बाहर खड़ी होंडा एक्टिवा चोरी हो गई थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने तकनीकी जांच और पुख्ता जानकारी के आधार पर आरोपी गवलीपुरा, सीताबर्डी निवासी ईशू रवि सोनटक्के (21) को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल किया। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 40,000 रुपये मूल्य की चोरी की गई एक्टिवा बरामद की। आरोपी को वाड़ी पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# मुंबई : व्यवसायी और कई कंपनियों से ₹1.93 करोड़ की ठगी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** पार्कसाइट पुलिस ने व्यापारिक लेन-देन की आड़ में एक व्यवसायी और कई कंपनियों से ₹1.93 करोड़ की ठगी करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। व्यवसायी ने शिकायत दर्ज कराई शिकायतकर्ता, राघव कमलकुमार कोठारी (38), निवासी वालकेश्वर, ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना घाटकोपर औद्योगिक एस्टेट, आरसीटी मॉल के पीछे, एलबीएस रोड, घाटकोपर (पश्चिम) में हुई।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान राजेंद्र सत्यदेव पांडे, निवासी तिलक नगर, ठाकुरली (पूर्व), कल्याण, ठाणे और अतुल सिद्धनाथ अवस्थी, निवासी मारुति रोड, ठाकुरली (पूर्व),





कल्याण, ठाणे के रूप में की है। धोखाधड़ी वाले लेन-देन पार्कसाइट पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 1 अप्रैल से 3 जून, 2025 के बीच, अंजलि एंटरप्राइजेज के मालिक राजेंद्र पांडे ने अपने सहयोगी अतुल अवस्थी के साथ मिलकर शिकायतकर्ता से कथित तौर पर ₹75,83,245 मूल्य का सामान उधार खरीदा, लेकिन भुगतान नहीं किया।

# नागपुर : फार्म हाउस में घुसकर तेंदुए ने किया हमला, युवक की मौत, मृतक के परिवार को दिया 10 लाख का चेक...

**नागपुर :** स्थानीय वनपरिक्षेत्र अंतर्गत चिखली गांव के समीप फार्म हाऊस में घुसकर तेंदुए ने युवक को अपना शिकार बनाया। यह घटना चिखली क्षेत्र में हुई। इस घटना से नागरिकों में दहशत बढ़ गई है। मृत युवक का नाम चंद्रशेखर वेंकटेश बल्की (35) चिखली तहसील काटोल निवासी बताया गया। वह कोंढाली-नागपुर मार्ग पर स्थित हरदोली पेपर मिल में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। गुरुवार की रात वह चिखली गांव के समीप चिखली-जाटलापुर मार्ग पर नागपुर के रमेश श्रीराम मेश्राम के रंगकौशल्य फार्म हाऊस पर गया था। इस फार्म हाऊस में चंद्रशेखर का मित्र विलास बापूराव कडवे (50) चिखली निवासी कार्य करता है तथा



फार्म हाऊस में ही रहता है।

**तेंदुए ने अचानक किया हमला**

चंद्रशेखर फार्म हाऊस के सामने बरामदे में प्लास्टिक की क्रेट पर बैठा था तथा विलास अंदर खाना पका रहा था। इसी बीच रात 10 बजे के करीब चंद्रशेखर पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। तेंदुआ देखकर विलास अंदर छिप गया। बाहर तेंदुए ने चंद्रशेखर का आधा चेहरा काट डाला था। इससे उसकी मृत्यु हो गई। विलास ने कुछ दर बाहर निकल कर देखा तो चंद्रशेखर की लाश पड़ी थी। उसने चिखली गांव में पहुंच कर घटना की जानकारी लोगों को दी।

**मृतक के परिवार को दिया 10 लाख का चेक**

चिखली के सरपंच राजकुमार चोपड़े, पुलिस पटेल कमलेश घोटे, गांव के युवकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी पुलिस व वनविभाग को दी गई। कोंढाली के वनपरिक्षेत्र अधिकारी प्रविण नाईक, क्षेत्र सहायक अरुण मालके आदि घटनास्थल पर पहुंचे। चिखली क्षेत्र में ही कुछ दिन पूर्व एक माह उम्र के दो तेंदुआ शावक मिले थे जिन्हें वन विभाग ने पकड़ कर सफलतापूर्वक तेंदुआ की मां के स्वाधीन किया था।

## मुंबई : पुलिस कांस्टेबल स्कैमर्स का शिकार

# धोखेबाजों ने 8.13 लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली



**मुंबई :** ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी के एक और मामले में, एक 49 वर्षीय मुंबई पुलिस कांस्टेबल अनजाने में व्हाट्सएप ग्रुप लिंक से एक दुर्भावनापूर्ण एप्लिकेशन डाउनलोड करने के बाद स्कैमर्स का शिकार हो गया। धोखेबाजों ने अनधिकृत ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से उसके बैंक खाते से 8.13 लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। पुलिस कांस्टेबल शरद पवार के शिकायतकर्ता के अनुसार, ताड़देव पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

शिकायतकर्ता, शरद कृष्ण पवार (49), जो वर्तमान में मुंबई पुलिस में एक कांस्टेबल के रूप में कार्यरत हैं और पिछले एक साल से ताड़देव पुलिस मुख्यालय बैरक में रह रहे हैं, ने धोखाधड़ी का पता चलने के बाद ताड़देव पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया। पवार, जो 2014 में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 2021 में एक कांस्टेबल के रूप में मुंबई पुलिस में शामिल हुए, ने बताया कि उनके वेतन खाते और एक निजी बैंक खाते के साथ छेड़छाड़ की गई थी।

# मुंबई : तीन व्यक्तियों ने डेवलपर से 10.11 लाख रुपये ठग लिए...





**मुंबई :** चेम्बुर के 52 वर्षीय डेवलपर ने कोलाबा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि तीन व्यक्तियों ने उसे धोखाधड़ी के माध्यम से 10.11 लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि ये लोग उसे 5 करोड़ रुपये के ऋण की व्यवस्था करने का झांसा देकर रकम ले गए। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने बड़े और प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट के लिए फंड उपलब्ध कराने का दावा किया और इसके एवज में उसे रकम जमा करने के लिए कहा। डेवलपर ने तुरंत संदेह होने पर पुलिस को सूचित किया। कोलाबा पुलिस स्टेशन ने इस मामले में FIR दर्ज कर तीनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिन पर मामला दर्ज किया गया है, वे हैं: इंद्रप्रीत सिंह, अरविंद कुमार दास और जसप्रीत सिंह। आरोपियों का पता दिल्ली के पितमपुरा स्थित अगरवाल मिलेनियम टॉवर 2, नेताजी सुभाष चंद्र बोस एरिया बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जांच में उनके बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन और अन्य डिजिटल सबूतों को खंगाला जाएगा ताकि ठगी की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

# ठाणे : रेलवे स्टेशन के पास जुमार्ना वसूलने पर ऑटो-रिक्शा चालक ने ट्रैफिक पुलिस सब-इंस्पेक्टर पर हमला किया





**ठाणे :** ठाणे में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई के बाद, 30 वर्षीय एक गुस्साए ऑटो रिक्शा चालक ने एक यातायात पुलिस उप-निरीक्षक पर कथित तौर पर हमला कर दिया। आरोपी की पहचान राबोडी निवासी के रूप में हुई आरोपी की पहचान ठाणे के राबोडी निवासी सदरुद्दीन काजी के रूप में हुई है। ठाणे यातायात पुलिस में तैनात पुलिस उप-निरीक्षक विजय बाबूराव कांबले (55) ठाणे रेलवे स्टेशन के पास यातायात प्रबंधन की ड्यूटी पर थे, जब यह घटना घटी। यह विवाद शुक्रवार दोपहर लगभग 12:30 बजे हुआ, जब काजी को निर्धारित ऑटो-रिक्शा स्टैंड के बाहर एक यात्री को उठाते हुए देखा गया। उल्लंघन होते देख, पुलिस उप-निरीक्षक कांबले ने काजी से संपर्क किया और ऑनलाइन जुमार्ना जारी किया, जिसके बाद तीखी बहस हुई। स्थिति जल्द ही मारपीट में बदल गई।

# मुंबई : उद्धव और राज ठाकरे के एक साथ आने से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि दोनों सिर्फ बोल-बचन तक ही सीमित;

# बालासाहेब के असली वारिस सिर्फ शिंदे - संजय निरुपम

**मुंबई :** शिवसेना उपनेता और प्रवक्ता संजय निरुपम ने ठाकरे बंधुओं पर बड़ा हमला बोला है। अंधेरी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि उद्धव और राज ठाकरे के एक साथ आने से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि दोनों सिर्फ बोल-बचन तक ही सीमित हैं। निरुपम ने दावा किया कि बाला साहेब ठाकरे के 'ब्रांड' का असली वारिस केवल डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे हैं। यह बयान दि बेस्ट एम्प्लॉइज को-ऑप क्रेडिट सोसायटी के चुनाव नतीजों के बाद आया। इस चुनाव को ठाकरे बंधुओं के गठबंधन का पहला प्रयोग



माना जा रहा था, लेकिन परिणाम में उनका यह प्रयोग नाकाम रहा। चुनाव में एक तरफ मनसे और शिवसेना (यूबीटी) साथ थीं, तो दूसरी तरफ बीजेपी और शिंदे गुट की शिवसेना।

**शिंदे ने यूबीटी की पिटाई की**

करीब 15 हजार वोटर्स में से लगभग 12,500 ने मतदान किया। इन वोटर्स में अधिकतर मराठी और भूमिपुत्र समुदाय से थे। चुनाव परिणामों में मनसे-यूबीटी को वोटरों ने पूरी तरह नकार दिया और बीजेपी-शिवसेना गठबंधन को बढ़त दी। निरुपम ने कहा कि यदि आज शिवसेना (यूबीटी) किसी तरह टिक पाई है, तो केवल मुस्लिम वोटर्स के सहारे। अगर यह वोट बैंक भी खिसक गया तो यूबीटी को एक भी सीट नसीब नहीं होगी। निरुपम ने स्पष्ट किया कि इस चुनाव भले ही छोटा था, लेकिन इसका महत्व मुंबई की राजनीति के लिहाज से काफी बड़ा है।

# मुंबई : गिरगांव चौपाटी सहित दादर जुहू चौपाटी पर बनेंगे कृत्रिम तालाब,

## मनपा ने 280 तालाब बनाने का फैसला किया...

**मुंबई :** इस साल गणेशोत्सव में छह फुट से छोटी सभी पीओपी से बनी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन केवल कृत्रिम तालाबों में ही किया जाएगा। इसको देखते हुए मनपा ने इस साल मुंबई में 280 कृत्रिम तालाब बनाने का फैसला किया है। इसमें से 277 कृत्रिम तालाब बनकर तैयार हो गए हैं। मनपा उपायुक्त प्रशांत सपकाले ने बताया कि मुंबई में समुद्र के किनारे चौपाटियों और अन्य विसर्जन स्थलों पर कृत्रिम तालाब बनाए जाएंगे, जिससे वहां पहुंची पीओपी मूर्तियां को समुद्र में विसर्जन करने से रोका जा सके। साथ ही अन्य जो लोग छोटी मूर्तियों का कृत्रिम तालाबों में विसर्जन करना चाहें वह आसानी से कर सकें। मुंबई में



यह पहली बार होगा जब समुद्र तटों पर विसर्जन के लिए अलग से कृत्रिम तालाब बनाए जाएंगे।

गिरगांव चौपाटी पर 5 कृत्रिम तालाब बनाए जाएंगे, इसी तरह वर्ली, दादर, जुहू, मालाड के मढ, आरे सहित अन्य प्राकृतिक विसर्जन स्थलों पर कृत्रिम तालाब बनाए जाएंगे। सभी 25 वॉर्ड को अपनी-अपनी आवश्यकता अनुसार तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। वर्ष 2012 में जब कृत्रिम तालाबों की शुरूआत हुई तब सिर्फ 27 थे। पिछले साल मुंबई में 205 कृत्रिम तालाब थे। वहीं प्राकृतिक विसर्जन स्थल जो पहले 72 थे, अब घट कर 69 हो गए हैं, जहां लोग बड़ी संख्या में गणेश मूर्तियों का विसर्जन करते हैं। पिछले साल 204 कृत्रिम तालाब बनाए गए थे, जबकि इस बार इनकी संख्या ढाई सौ से भी अधिक यानी लगभग 280 होगी। 12 ब्रिजों पर डीजे और नाच गानों पर मनपा ने लगाई रोक मुंबई में कई ब्रिज ब्रिटिशकालीन हैं। मनपा ने ऐसे 12 पुराने और खतरनाक ब्रिजों की लिस्ट बनाई है। इस पर गणपति मूर्तियों के आगमन और विसर्जन के दौरान आते-जाते डीजे बजाना और नाच गाने करने पर रोक लगाई गई है। गणपति आगमन और विसर्जन के दौरान इसमें से 3 पुल पर एक साथ 16 टन से अधिक भार एक साथ नहीं होना चाहिए। इसमें करी रोड स्टेशन पुल, साने गुरुजी मार्ग (आर्थर रोड) पर चिंचपोकली रेलवे स्टेशन पुल और भायखला रेलवे लाइन पर 'मांडलिक ब्रिज' शामिल हैं।

## मुंबई : मेट्रो लाइन 2अ और 7 एक दिन में रिकॉर्ड 3.34 लाख यात्रियों की सबसे अधिक संख्या

**मुंबई :** मुंबई की मेट्रो लाइन 2अ और 7, 21 अगस्त, 2025 तक रिकॉर्ड 3.34 लाख यात्रियों को ले जाने वाली एक महत्वपूर्ण शहरी जीवनरेखा बनकर उभरी हैं - जो इन गलियारों के जनता के लिए खुलने के बाद से एक दिन में यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों के अनुसार, 18 जून से शुरू होकर, मेट्रो नेटवर्क ने केवल दो महीनों में 13 रिकॉर्ड तोड़ दिन देखे हैं। 1 जुलाई से यात्रियों की संख्या में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो मानसून यात्रा और व्यस्त समय की भीड़-भाड़ की चुनौतियों के बावजूद सिस्टम में बढ़ते यात्रियों के विश्वास को दर्शाता है।

## मुंबई : मालवाहक वाहनों के लिए क्लीनर या सहायक को साथ ले जाने की अनिवार्य आवश्यकता से छूट का प्रस्ताव

**मुंबई :**महाराष्ट्र राज्य सरकार ने एक मसौदा अधिसूचना जारी की है जिसमें उन्नत चालक सहायता प्रणाली से लैस भारी मालवाहक वाहनों के लिए एक क्लीनर या सहायक को साथ ले जाने की अनिवार्य आवश्यकता से छूट का प्रस्ताव है। गृह विभाग द्वारा प्रकाशित इस मसौदे में महाराष्ट्र मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 249 में संशोधन का प्रस्ताव है। जनता और ट्रांसपोर्टरों से 29 अगस्त, 2025 तक मुंबई स्थित परिवहन आयुक्त कार्यालय में लिखित रूप में आपत्तियाँ या सुझाव प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इस अवधि के भीतर प्राप्त प्रतिक्रियाओं की समीक्षा अंतिम अधिसूचना जारी होने से पहले की जाएगी।

## मुंबई : मछुआरों पर संकट, रुकी नावें, बारिश ने उम्मीदों पर फेरा पानी, मुआवजे की उठी मांग...



**मुंबई :** समुद्र में मछली पकड़ने पर 1 जून से 31 जुलाई तक पाबंदी रहती है। उसके बाद का सीजन 1 अगस्त से शुरू होते ही मछुआरों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। तूफान और भारी बारिश के चलते ज्यादातर मछुआरों को अपनी नावें किनारे पर लानी पड़ीं। मौसम विभाग ने 16 से 21 अगस्त तक समुद्र में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और ऊंची लहरों की चेतावनी दी थी। इसी कारण लाल झंडा फहराकर मछुआरों से समुद्र में न जाने की अपील की गई।

**बढ़ा आर्थिक बोझ**

सीजन की शुरूआत में ही मछुआरों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। नाव की तैयारी, डीजल, बर्फ, जाल, किराना, मरम्मत और नाविकों के वेतन पर पहले ही लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं, मछली न मिलने से यह सारा खर्च बर्बाद हो गया। कई मछुआरे ने इन खर्चों के लिए निजी लोगों से ऊंचे व्याज पर कर्ज.भी लेते हैं, जिससे उन पर आर्थिक संकट और गहराता जा रहा है। (मछुआरा, भूतोड़ी बंदर) मैक्सवेल कसुघर का कहना है कि उत्तन, चौक, पाली और भाईंदर के कोलीवाड़ा इलाकों में ज्यादातर नावें किनारे पर खड़ी हैं। मछुआरे मांग कर रहे हैं कि सरकार किसानों की तरह मछुआरों को भी आर्थिक मदद दे, ताकि सीजन की शुरूआत में हुए इस भारी नुकसान से वे उबर सकें। समुद्र हम पूरी तैयारी में सानी के कारण बिना मछली पकड़े लौटना पड़ा। डीजल, बर्फ और सामान पर खर्चा बर्बाद हो गया। नाविकों का वेतन भी देना है।(मछुआरा) विलियम गोविंद का कहना है कि हर नाव पर 15-20 परिवार निर्भर रहते हैं।

## मुंबई : यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने वाले ऐप-आधारित टैक्सी संचालकों पर बड़ी कार्रवाई शुरू



**मुंबई :** मुंबई में हाल ही हुई भारी बारिश के बीच यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने वाले ऐप-आधारित टैक्सी संचालकों पर महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। बीते दो दिनों में 147 टैक्सी ऑपरेटरों पर कार्रवाई की गई, जिनमें से 36 को दोषी पाया गया है। इन ऑपरेटरों ने शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था चरमराने का फायदा उठाते हुए किराए की कई गुना बढ़ाकर यात्रियों को लूटने का काम किया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बारिश जैसी प्राकृतिक आपदा के समय इस तरह का आर्थिक शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया है कि जिन ऑपरेटरों पर बार-बार उल्लंघन का आरोप सिद्ध होता है, उनके लाइसेंस रद्द करने पर विचार किया जाए।

**चार गुना तक वसूले किराए**

आमतौर पर अन्य दिनों में जहां किराया 200 रुपये के आसपास रहता है, वहीं शिकायत है कि बारिश के दौरान यात्रियों से 600 से 800 रुपये तक वसूले गए, ओला, उबर और रैपिडो जैसे ऐप-आधारित कैब ऑपरेटरों पर हाइ रेट (तेजी से बढ़ने वाले किराए) का आरोप लगा है।

**बस, ट्रेन यात्रियों की मजबूरी बनी**

बहुराष्ट्रीय ऐप कंपनियों की कमाई चारिश के चलते बस और लोकल ट्रेन सेवाएं ठप हो जाने से र यात्रियों के पास कोई विकल्प नहीं बच्चा। उन्हें इन ऐप टैक्सियों पर निर्भर होना पड़ा। कई यात्रियों ने शिकायत की कि ऐल्गोरिद आधारित हाइ मूल्य निर्धारण ने उन्हें लाचार बना दिया। सरकार ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में इस तरह के मामलों में और सख्त कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर दोषी कंपनियों की सेवा बंद करने तक का कदम उठाया जाएगा।

**संयुक्त अभियान में खुली पोल**

महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने मुंबई पुलिस और साइबर सेल की मदद से शहर और उपनगरों में संयुक्त चेकिंग ड्राइव चलाया, जांच के दौरान कई क्षेत्रों में अलग-अलग तरह की गड़बड़ियां सामने आई है।

## मुंबई : नगर निगम अधिकारियों को गणेशोत्सव से पहले गड्ढों को भरने के लिए 72 घंटे का समय

**मुंबई :** बारिश ने मुंबई में गड्ढों की समस्या को और बढ़ा दिया है, जिससे यातायात बाधित हुआ है और यात्रियों को खतरा पैदा हो गया है। इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लेते हुए, मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के संरक्षक मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने नगर निगम अधिकारियों को गणेशोत्सव से पहले सभी क्षतिग्रस्त हिस्सों को भरने के लिए 72 घंटे का समय दिया है।

भारी बारिश ने संकट को और गहरा किया उन्होंने वकोला, विक्रोली और गोरेगांव में पुलों पर गड्ढों की ओर भी ध्यान दिलाया और



महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) को तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो बीएमसी मरम्मत का काम अपने हाथ में ले लेगी।

## पनवेल नगर निगम ने गणेशोत्सव पर्यावरण के अनुकूल मनाने की अपील की



**पनवेल :** गणेशोत्सव के आगमन के साथ, पनवेल नगर निगम (पीएमसी) ने नागरिकों से इस त्योहार को पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ तरीके से मनाने की अपील की है। पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए, नगर निगम ने घरों और सार्वजनिक मंडलों के लिए सात-सूत्रीय दिशानिर्देश जारी किए हैं। पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियाँ और सजावट पीएमसी ने श्रद्धालुओं को प्राकृतिक मिट्टी की मूर्तियाँ (शाडू या लाल मिट्टी) चुनने की सलाह दी है, जिन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए घर पर बच्चों द्वारा बनाई गई मूर्तियाँ ही बेहतर होंगी। मूर्तियों को केवल प्राकृतिक, गैर-विषाक्त रंगों से ही रंगा जाना चाहिए। सजावट कपड़े, कागज या फूलों से की जानी चाहिए, प्लास्टिक और अन्य गैर-जैवनिम्नीकरणीय सामग्रियों से परहेज किया जाना चाहिए।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com